**कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेसनोट**

**दिनांक-24/11/2023**

**थाना चेतगंज पुलिस द्वारा एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से 01 अदद मोबाइल रियल मी बरामद करने में सफलता प्राप्त की ।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गम्भीर अपराधों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी, सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्र0नि0 श्री वेद प्रकाश राय चेतगंज के कुशल नेतृत्व में दिनांक 24.11.2023 को उ0नि0 श्री श्रीप्रकाश सिंह चौकी प्रभारी तेलियाबाग मय हमराह पुलिस बल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि आपके मु0अ0सं0 116/23 धारा 379 भादवि में वांछित जो मोबाइल चोरी किया था। वह व्यक्ति चौकाघाट कि तरफ से पैदल तेलियाबाग की तरफ आ रहा है यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है, मुखबिर खास की सूचना पर विश्वास करके मौके पर पहुंचकर मुखबिर खास की निशान देही पर अभियुक्त सुदर्शन पटेल पुत्र विरेन्द्र पटेल पता चिल विला कुण्डी , थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी उम्र 21 वर्ष को एक बारगी दबिश देकर मौके पर पकड़ लिया गया। अभियुक्त सुदर्शन पटेल उपरोक्त की तलाशी ली गयी तो अभियुक्त के पास से 01 अदद मोबाइल रियल मी बरामद हुआ। अभियुक्त को उसके जुर्म से अवगत कराते हुए समय करीब 04:10 AM बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर लाया गया। अभियुक्त के पास से बरामद 01 अदद मोबाइल रियल मी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 116/2023 धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अपराध विवरण-**

दिनांक 23.11.2023 वादिनी मुकदमा का मोबाइल चोरी होने के सम्बन्ध तहरीर दी गयी थी जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 116/2023 धारा 379 भादवि विरूद्ध पंजीकृत हुआ था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-**

1. अभियुक्त सुदर्शन पटेल पुत्र विरेन्द्र पटेल पता चिल विला कुण्डी , थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी उम्र 21 वर्ष

**गिरफ्तारी का दिनांक व समय,स्थान-** दिनांक -24/11/2023 को समय 04.10 बजे,
तेलियाबाग चौराहे से चौकाघाट के मध्य पीपल के पेड़ के पास।

**<u>विवरण पूछताछ</u>**

अभियुक्त सुदर्शन पटेल पुत्र विरेन्द्र पटेल पता चिल विला कुण्डी , थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी उम्र 21 वर्ष से पूछताछ करने पर बताया कि साहब मैनें दिनांक 23/11/2023 को समय 09.30 बजे रात्रि में एक महिला की जेब से मोबाइल चोरी कर लिया था आज मै अपनी मोटर साइकिल के बारे मे पता लगाने जा रहा था कि आप लोग देख कर मैं भागने के फिराक में था कि आप लोगों द्वारा मुझे पकड़ लिया गया।

**<u>विवरण बरामदगी-</u>** 01 अदद मोबाइल रियल मी बरामद हुआ।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1. मु0अ0सं0 116/2023 धारा 379/411 भादवि थाना चेतगंज वाराणसी

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>**

1. उ0नि0 श्री श्रीप्रकाश सिंह , चौकी प्रभारी तेलियाबाग कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री पनव पाण्डेय थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 अजीत कुमार सिंह, थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अमरजीत, थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल पुलिस**
**उपायुक्त, जोन काशी कमिश्नरेट**
**वाराणसी**